क़्वींस वैली स्कूल
प्री प्राइमरी
हिंदी कहानी सुनाओ प्रतियोगिता

दिनांक: 06-09-2021

कहानियाँ बच्चों के मन में कौतूहल पैदा करती हैं जिसके चलते बहुत ही छोटी उम्र से उनकी कल्पनाएँ पंख लगाती हैं । एक तरह से हमारे घर-आँगन में ही भिन्न-भिन्न संस्कृति की लोककथाओं का उत्कृष्ट गुप्त खज़ाना दबा हुआ है । हम इस खज़ाने को बाहर लाएँ और इसे बच्चों के अंतर्मन में वापस सहेज दें, ताकि वे कहानी के किरदारों को जाने, महसूस करें और कहने वाले की ध्वनियों को ध्यान से सुन सकें ।

इसी कला को अपनी छोटी छोटी बालिकाओं में विकसित करने के उद्देश्य से ही क़्वींस वैली समय की धारा को देखते हुए ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से इस **" हिंदी कहानी सुनाओ प्रतियोगिता "** का आयोजन कर रहा है जिसका हम भरपूर आनंद उठा सकते हैं। इच्छुक छात्राएँ आवश्यक वेशभूषा एवं सामग्री के साथ अपनी कहानी प्रस्तुत कर सकती है ।

सभी इच्छुक छात्राएँ अपनी कहानी का वीडियो बनाकर अपनी अध्यापिका को भेजेंगी।

समय: १ या २ मिनट (अपने परिचय के साथ)

छात्राएँ अपने वीडियो 19-9-2021 तक अपनी अध्यापिका को भेज सकती है ।

विषय: हिंदी कहानी

चयन प्रक्रिया: हाव-भाव प्रस्तुतीकरण, वेशभूषा, भाषा प्रवाह एवं उच्चारण के आधार पर की जाएगी।

Preeti.Gambhir@queensvalleyschool.in (प्री प्राइमरी-A)

Jyoti.Mehta@queensvalleyschool.in (प्री प्राइमरी-B)